# कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कानपुर नगर

पत्रांकः सीएफओ /भवन–निरी0/2020 दिनांकः जुलाई 20 ,2021

सेवा में,

स्वामी/प्रबन्धक
मैसर्सः सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर
कमला नगर,कानपुर नगर।

विषयः– कमला नगर कानपुर नगर पर संचालित मैसर्स सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर भवन में मॉक ड्रिल कराकर स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का अग्निसुरक्षा की दृष्टिकोण से निरीक्षण।

संदर्भः– फायर सर्विस मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांकः एफएस–1710–2019 दिनांक 03.01.2020 ।

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र दिनांक 13.07.2021 का अवलोकन करें, जिसके द्वारा कमला नगर कानपुर नगर पर संचालित मैसर्सः सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर भवन में मॉक ड्रिल कराकर भवन में स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण अग्निशमन अधिकारी फजलगंज कानपुर नगर द्वारा किया गया। निरीक्षणोपरान्त उपलब्ध कराई गयी आख्या के अनुसार निम्नांकित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थायें कार्यशील दशा में पायी गयीः–

1. उक्त भवन पर्याप्त चौडे मार्ग पर स्थित है, जहॉ तक अग्निशमन वाहन सुगमतापूर्वक आवागमन कर अग्निशमन कार्य कर सकते है।
2. स्कूल भवन भूतल व प्रथम तल कमशः के0जी0 व सीनियर ब्लाक में निर्मित है।
3. उक्त स्कूल भवन में प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर) कार्यशील दशा में पाये गये।
4. भवन में वैकल्पिक बिधुत स्रोत के अन्तर्गत जनरेटर का प्राविधान किया गया है।
5. उक्त भवन अग्निशमन व्यवस्था/प्रणाली को संचालन हेतु एक प्रशिक्षित कर्मी को नियुक्त करना अनिवार्य है।
6. भवन में कार्यरत स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण/मॉक ड्रिल प्रदान किया गया।
7. भवन में ढॉचागत एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थायें एन0बी0सी0 2016 में दिये गये मानकों के अनुसार वांछनीय होगी तथा ऑन लाइन एन0ओ0सी0 के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश दिनांकित 16.02.2018 में वर्णित निर्देशों के अनुरूप ऑन लाइन प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा!

अतः उक्त भवन में स्थापित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षणोपरान्त उनकी कार्यशीलता का सत्यापन किया जाता है तथा निर्देशित किया जाता है कि समय–समय पर उक्त भवन में मॉक ड्रिल कराते हुए स्थापित अग्निशमन व्यवस्थायें सदैव कार्यशील दशा में रखना सुनिश्चित करेंगे।

20/7/21
(एम0पी0सिंह)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
कानपुर नगर।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी
कानपुर नगर

प्रतिलिपिः–अग्निशमन अधिकारी फजलगंज कानपुर नगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

Bhawna Gupta
Principal
Sir Padampat Singhania Education Centre
Kamla Nagar, Kanpur-208005